>

Title: The Minister of State in the Ministry of Mines laid a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 17th Report of the Standing Committee on Coal and Steel on Demands for Grants (2011-12), pertaining to the Ministry of Mines.

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिनशा पटेल): महोदया, मैं माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निर्देशों के अनुसार यह वक्तव्य, खान मंत्रालय से संबंधित कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति की 17वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के क्रियान्वयन पर सभापटल पर रख रहा हूं।

कोयला एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति की 17वीं रिपोर्ट 29ण्08ण्2011 को लोक सभा में प्रस्तुत की गई जो वर्ष 2011-12 के लिए खान मंत्रालय की अनुदान की मांगों के लिए थी। इस पर की गई कार्रवाई 23.11.2011 को समिति कार्यालय को भेज दी गई है। समिति की 17वीं रिपोर्ट में 10 सिफारिशें की गई थीं जिन पर सरकार द्वारा कार्रवाई अपेक्षित थी।

क्रियान्वयन की स्थिति का विवरण सदन के पटल पर रखे मेरे वक्तव्य के अनुबंध-1 में दर्शाया गया है। इस अनुबंध को पढ़ने के लिए मैं सदन का बहुमूल्य समय नहीं लेना चाहूंगा। इसलिए मैं अनुरोध करता हूं कि इसे पठित समझा जाए।